श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की जिला स्तरीय बैठक में मनोज प्रखंड संयोजक, राजकमल बने सह संयोजक



बेलदौर (खगड़िया) (आससे)। बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन खगड़िया जिला इकाई की मासिक बैठक रविवार को बेलदौर प्रखंड मुख्यालय में जिलाध्यक्ष राजकिशोर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, प्रखंड स्तर पर इकाई के विस्तार और पत्रकारों की सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से मनोज कुमार पटेल को बेलदौर प्रखंड संयोजक और राजकमल को सहसंयोजक मनोनीत किया गया। बैठक का संचालन जिला महासचिव शशिभूषण प्रसाद ने किया। संयुक्त सचिव सिकंदर आजाद वक्त ने संगठन से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और संगठन की गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिए जाने के साथ संगठन के कोष संग्रह को बढ़ाने और निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने संगठन की एकजुटता को जरूरी बताते हुए पत्रकारों के हितों की रक्षा पर बल दिया। वहीं महासचिव शशिभूषण प्रसाद ने पत्रकारों के समूह बीमा का मुद्दा उठाया। बैठक में यूनियन के सक्रिय सदस्यों की सूची जिला प्रशासन को सौंपने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके माध्यम से समाचार संकलन के दौरान पत्रकारों को आवश्यक सहयोग और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी, ताकि वे निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्रों में दायित्वों का निर्वहन कर सकें। यूनियन की अगली मासिक बैठक छठ पर्व के बाद गोगरी में आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, संयुक्त सचिव सुमन कुमार, अजय कुमार सिंह, दीपक कुमार उपाध्याय, भवेश कुमार सिंह, सरफराज आलम, अनीश कुमार, इरशाद अली, मो उमर खां, बिनोद कुमार मंटू, अमित कुमार सिंह, सतीश रजक, रणवीर कुमार सिंह, सत्यम स्नेही, रामप्रवेश कुमार, सुदर्शन कुमार, रमेश कुमार, गुरुदेव गुप्ता, निर्मल कुमार, मिंकु गोस्वामी, अमन पाठक सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद थे।


बैठक के दौरान समाजसेवी ऋषभ कुमार, डॉ. ब्रजेश कुमार, राकेश सम्राट और रौशन कुमार ने श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के पदाधिकारियों का बेलदौर की धरती पर स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

भाकपा जिला परिषद की बैठक में 1 नवंबर की दिल्ली रैली में भागीदारी समेत अन्य कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

खगड़िया (खगड़िया)। खगड़िया जिला भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की बैठक रविवार को पार्टी कार्यालय में कॉमरेड प्रभाशंकर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी आंदोलनों और कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत में पार्टी की गोगरी अंचल की रविबारी शाखा के सदस्य कॉमरेड जलधर मुनि सहित अन्य दिवंगत लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व विधान पार्षद कॉमरेड उषा साहनी ने पार्टी की ऊपरी कमिटी के फैसलों की रिपोर्टिंग की। उन्होंने कहा कि देश की मौजूदा परिस्थितियों में वामपंथी दलों, इंडिया ब्लॉक एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, आगामी चुनाव बैलेट पेपर से कराने तथा किसी राज्य में चुनाव से पूर्व एसआईआर पर रोक लगाने सहित जनता के ज्वलंत सवालों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने इंडिया ब्लॉक की ओर से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली कार्यक्रम में खगड़िया जिले से अधिक से अधिक संख्या में पार्टी सदस्यों एवं समर्थकों से भाग लेने की अपील की। बैठक में जिला सचिव कॉमरेड पुनीत मुखिया ने पिछले कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 नवंबर को रूसी क्रांति दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में रैली एवं विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। वहीं, पार्टी के राष्ट्रव्यापी जेल भरो आंदोलन के तहत 3 दिसंबर को खगड़िया में भी आंदोलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें हजारों पार्टी सदस्य एवं समर्थक भाग लेंगे। बैठक में सांगठनिक जिम्मेदारियों के तहत कॉमरेड रविंद्र यादव को सहायक जिला सचिव तथा कॉमरेड नारायण साह को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा जिला संगठन विभाग सहित विभिन्न जनसंगठनों के विभागों की उपसमितियों का गठन कर उनके संयोजक एवं सह-संयोजक भी चुने गए। जिला सचिव कॉमरेड पुनीत मुखिया ने कहा कि 1 नवंबर की दिल्ली रैली में खगड़िया जिले से सैकड़ों पार्टी सदस्य एवं समर्थक शामिल होंगे। इसके लिए अंचल एवं शाखा स्तर पर बैठकें आयोजित कर तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला प्रभारी कॉमरेड प्रभाकर प्रसाद सिंह, कॉमरेड रविंद्र यादव, नारायण साह, रमेश चंद्र चौधरी, विभाष चंद्र बोस, मनोज सदा, सुरेश सिंह, अनिल कुमार सिंह, नरेश कुमार शर्मा, बटेश्वर मुनि सहित अन्य पार्टी नेता उपस्थित थे।

शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने भाई परमेश्वर

सहरसा (आससे)। शिव शिष्य बधवा गांव निवासी परमेश्वर राय को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर सम्पूर्ण कोसी क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि शिव शिष्यता के सूत्रधार साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी के स्मृति स्थल उपवन रांची झारखंड में रविवार को शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के न्यासी एवं अध्यक्षा बरखा आनन्द की उपस्थिति एवं सहमति पर शिव शिष्यता को जन जन तक पहुंचाने के लिए वृहद चर्चा का आयोजन किया गया। बैठक में साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी एवं दीदी मां नीलम आनन्द के आदर्शों



पर चलकर शिव के गुरु स्वरुप की कैसे व्याप्ति हो, इस विषय पर सदस्यों ने गहन मंथन किया। संस्था के कार्यकलाप को विस्तार देने के लिए न्यासियों को नए सिरे से प्रभार दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अंचल क्षेत्र के बधवा गांव निवासी परमेश्वर राय को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर उपस्थित साहब श्री के आप्त सचिव अर्चित आनन्द उर्फ अणु, फाउंडेशन के अध्यक्षा बरखा आनन्द, अभिनव आनन्द सहित सभी न्यासियों ने उपाध्यक्ष को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यालय रांची उपवन में न्यासियों की बैठक में परमेश्वर राय को दायित्व सौंपे जाने के वाद कोसी कमिश्नरी में शिव के शिष्य एवं शिष्याओं में खुशी की लहर देखी गई। उपाध्यक्ष मनोनयन पर लोगों ने बताया कि 1992 ई0 में साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी के एक पोस्टर को पढ़कर भगवान शिव को गुरु मानने के वाद भाई परमेश्वर ने 34 बर्षो से लगातार शिष्य बनाने में अपनी त्याग, समर्पण का परिचय देते हुए संस्था के प्रति एकनिष्ठ रहें। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनयन पर सुपौल से वालकृष्ण झा, मोहन कुमार, अंजनी ठाकुर, मधेपुरा से राजकुमार, राजेश, प्रणव, सहरसा से चन्दन मुखिया, किशन रजक, जटाशंकर ठाकुर, भीम पंडित आदि ने कहा कि मुख्यालय ने जो सहरसा पर भरोसा दिखाया उससे शिव कार्य विस्तार में और अधिक बल मिलेगा।

विधायक अनंत सिंह तथा उनकी पत्नी नीलम को दल से निकालना स्वागतयोग्य : प्रो. भटनागर

मधेपुरा (आससे)। जनता दल यूनाइटेड के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मोकामा के विधायक अनंत सिंह तथा उनकी पत्नी नीलम देवी को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और लगातार शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ अमर्यादित भाषा का टिप्पणी करने के आरोप में 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित किए जाने पर मधेपुरा जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रो. मनोज भटनागर ने इस निष्कासन का स्वागत किया है तथा कहा कि दल में रहकर दल के विरुद्ध अनाप-शनाप बयान देने वाले विधायक को सदा के लिए पार्टी से निकाला जाना चाहिए, क्योंकि जदयू हमेशा से अनुशासित और कारवाई के लिए ही जाना जाता है। जनता दल यूनाइटेड पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नीतीश कुमार जी के द्वारा दल से निकालना यह दल हित में एक शुभ संदेश हैद्य जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा है कि देर से ही सही यह पार्टी का स्वागत योग्य कदम है। विधायक अनंत सिंह और नीलम देवी के निष्कासन पर मधेपुरा जिला जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों ने खुशी जाहिर की है तथा नीतीश कुमार के नेतृत्व को स्वीकारा है।

शादी समारोह से लौट रहे पूर्व मुखिया जावेद इकबाल उर्फ गुड्डू की गोली मारकर हत्या

सिमरी बख्तियारपुर सहरसा (आससे)। सहरसा जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र के सरबेला-मुबारकपुर सड़क मार्ग पर अज्ञात बदमाशों ने सलखुआ प्रखंड की हरेवा पंचायत के पूर्व मुखिया जावेद इकबाल उर्फ गुड्डू को गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल पूर्व मुखिया को तत्काल इलाज के लिए सहरसा ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, पूर्व मुखिया जावेद इकबाल उर्फ गुड्डू बनमा ईटहरी प्रखंड के सरबेला निवासी मुमताज आलम की भतीजी की शादी में शामिल होने गए थे।



शादी समारोह में शामिल होने के बाद वह बारात से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सरबेला-मुबारकपुर सड़क मार्ग पर अज्ञात बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए सहरसा ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पूर्व मुखिया की गोली मारकर हत्या किए जाने की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल बन गया। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। हालांकि, हत्या के पीछे की वजह का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों की पहचान भी स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना के बाद पुलिस की जांच और अपराधियों की पहचान को लेकर लोगों की निगाहें पुलिस प्रशासन पर टिकी हैं। हत्या के कारणों और इसमें शामिल लोगों के संबंध में पुलिस जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मां काली पूजा एवं मेला आयोजन को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। (आससे)। दीपावली के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाली कठड़डुमर पंचायत के आगर में मां काली पूजा एवं मेला की तैयारियों को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूजा-अर्चना एवं मेला आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान आयोजन को सफल बनाने, ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने मां काली पूजा को श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न कराने को लेकर अपने-अपने विचार रखे। सभी ने आपसी सहयोग एवं एकजुटता के साथ पूजा और मेला आयोजित करने पर सहमति जताई। बैठक में सर्वसम्मति से मेला के संचालन के लिए पदाधिकारियों का चयन भी किया गया। बैठक में हरिश सिंह को मेला अध्यक्ष तथा काली चौधरी को मेला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने तथा आवश्यक कार्यों में सहयोग देने के लिए अन्य ग्रामीणों को भी जिम्मेदारियां सौंपने पर चर्चा हुई।

बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि मां काली पूजा एवं मेला क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस तरह के आयोजनों से ग्रामीणों के बीच आपसी सद्भाव, सहयोग और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। सभी ग्रामीणों ने अपनी क्षमता के अनुसार आयोजन में सहयोग देने तथा पूजा एवं मेला को सफल बनाने का संकल्प लिया।बैठक में उपस्थित लोगों ने आयोजन से जुड़े कार्यों को आपसी तालमेल के साथ पूरा करने पर सहमति व्यक्त की। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि सभी के सहयोग से मां काली पूजा एवं मेला का आयोजन शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न होगा बैठक में पूर्व मुखिया गोपाल कुमार बिन्द मनोहर चौधरी चन्द्रदेव चौधरी राज कुमार चौधरी सुरेश चौधरी पांडव अजय कुमार बिन्द वकील सुधीर राजेश बिंद रमेश मुकेश मिथिलेश चौधरी राजकुमार चौधरी चंदेश्वरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

SAVE

सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

ई-मेल: cs@saveind.in

शाखा स्थानांतरण का विज्ञापन

[illegible]

मां चण्डीका स्थान मंदिर की पोखर से नवविवाहिता की शव मिलने से क्षेत्र में मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहा सवाल

सोनबरसा राज (सहरसा) (आससे)। सोनबरसा राज थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध लोक आस्था स्थल मां चण्डीका स्थान मंदिर परिसर स्थित जीवछ पौखर से एक नवविवाहिता की शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान जम्हरा गांव निवासी विभीषण यादव का पत्नी पूनम कुमारी के रुप में हुई है।

बताया जाता है कि लगातार लोक आस्था स्थल मां चण्डीका स्थान मंदिर परिसर और मंदिर में चोरी सहित विभिन्न घटनाओं का होने से सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लग रही है आखिर मंदिर परिसर और मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था में लगे सोनबरसा राज थाना पुलिस के द्वारा तैनात किया गया चौकिदार और मंदिर कमिटी फैलियोर क्यों हो रही है। चौकिदार का तैनात रहने के बाबजूद आखिर चोरी सहित विभिन्न घटनाओं का होना क्या इंगित करता है। यह एक अहम सवाल है। सवाल यह भी उठ रही है कि पौखर से नवविवाहिता की शव मिलना स्पष्ट दर्शाता है मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बिलकुल चौपट है और वहां नाम मात्र का चौकिदारी और पहरा तथा देख रेख है। मतलब मंदिर परिसर और मंदिर सुरक्षित नहीं है।

बताया जाता है कि नवविवाहिता की मौत किन परिस्थितियों में हुई है इसका खुलासा नहीं हो पाया है। जबकि मृतका की मां ने बेटी की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। वैसे इस मामले में समाचार लिखे जाने तक थाना में कोई लिखित शिकायत दर्ज किसी ने नहीं कराया है।

सबसे चौंकाने वाली बात तो यह है कि मंदिर परिसर में साफ सफाई करने पहुंचे सफाईकर्मी की नजर जीवछ पौखर में शव देखने पर इसकी सूचना स्थानीय लोगों को मिली। अब सवाल फिर खड़ी हो जाती है कि आखिर चौकिदार और मंदिर कमिटी फैलियोर यहां क्यों हो गयी। मतलब स्नान करने या फिसलने से महिला की डूबने से मौत हुई या फिर किसी ने हत्या कर शव को पौखर में डाल दिया। यह एक अहम सवाल है। पुलिस को इस मामले की जांच काफी गहनता पूर्वक करना होगा।

कहा जाता है कि शव मिलने की सूचना सुन घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। तब जाकर सोनबरसा राज थाना पुलिस ने पौखर से शव को बाहर निकलवाया और उसकी पहचान कराई। जो पहचान में मृतका जम्हरा गांव निवासी पूनम कुमारी के रुप में हुई।

ज्ञात हो कि पूनम की शादी करीब दो माह पूर्व जम्हरा गांव निवासी जयकृष्ण यादव के पुत्र विभीषण यादव से हुई थी। खगड़िया जिला के बेलदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बलैठा नारदपुर गांव निवासी बबलू यादव की पत्नी एवं मृतका की मां बिन्दु देवी ने बेटी की मौत पर हत्या की आशंका जताई है।

इस मामले में सोनबरसा राज थाना के थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतका की मां को शव सौंप दिया गया है। वहीं उक्त मामले की गहन जांच शुरू कर दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल ससुराल और मायके में से किसी भी पक्ष ने थाना में अभी तक आवेदन पत्र दाखिल नहीं किया है । आवेदन पत्र मिलने की प्रतीक्षा है।

गरीब परिवारों को अंतिम संस्कार के लिए तत्काल पच्चीस सौ की मिलेगी सहायता : ज्योतिष

खगड़िया (आससे)। आर्थिक तंगी के कारण अंतिम संस्कार की व्यवस्था करना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए संकल्पशिला वेलफेयर फाउंडेशन के माध्यम से खगड़िया नगर परिषद क्षेत्र के जरूरतमंद गरीब परिवारों को अंतिम संस्कार के लिए 2,500 की तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की पहल की गई है। इस पहल के संस्थापक सह निदेशक एवं नगर सभापति प्रतिनिधि ज्योतिष मिश्रा हैं। नगर सभापति अर्चना कुमारी ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि दुख की घड़ी में जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़ा होना समाजसेवा का महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने कहा कि किसी परिवार को अपने परिजन के अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए ऐसी पहल जरूरतमंदों को राहत पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए कबीर अंत्येष्टि योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य पात्र परिवारों को अंतिम



संस्कार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को राशि मिलने में देरी होने की शिकायतें सामने आती हैं। परिवार को मृत्यु के तुरंत बाद अंतिम संस्कार की व्यवस्था करनी होती है, जबकि सहायता राशि मिलने में महीनों लग जाने की बात कही जाती है।

ऐसी स्थिति में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को तत्काल खर्च जुटाने में कठिनाई होती है। संकल्पशिला वेलफेयर फाउंडेशन की पहल इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है, ताकि पात्र जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में समय पर आर्थिक सहयोग मिल सके। नगर सभापति ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचना चाहिए। कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत सहायता राशि मिलने में यदि कहीं अनावश्यक विलंब हो रहा है, तो संबंधित स्तर पर इसकी समीक्षा होनी चाहिए, ताकि जरूरतमंद परिवारों को समय पर राहत मिल सके। फाउंडेशन के माध्यम से नगर परिषद क्षेत्र के जरूरतमंद गरीब परिवारों को अंतिम संस्कार के लिए सहायता दिए जाने कि दिशा में की गई इस पहल का उद्देश्य अंतिम संस्कार से जुड़ी तत्काल जरूरतों में परिवारों को आर्थिक सहारा देना है।

ज्योतिष मिश्रा ने कहा कि यह पहल उन परिवारों को ध्यान में रखकर की गई है, जिनके लिए अचानक होने वाला अंतिम संस्कार का खर्च जुटाना मुश्किल होता है। श्री मिश्रा ने समाज के सक्षम लोगों से भी अपील की है कि वे जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे आएं। फाउंडेशन का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाना और समाज में सेवा, सहयोग तथा मानवीय संवेदना की भावना को मजबूत करना है।

20 नवंबर को जिला सम्मेलन, राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा करेंगे उद्घाटन

सहरसा (आससे)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन के मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ तीखा आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने आगामी आंदोलनों और संगठनात्मक सम्मेलनों की रूपरेखा तैयार करते हुए एकजुटता का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी सुरसा के मुंह की तरह लगातार बढ़ती जा रही है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी की सरकार जनतांत्रिक अधिकारों और शांतिपूर्ण प्रदर्शनों को पुलिस बल के दम पर कुचलना चाहती है। नेताओं ने स्पष्ट किया कि ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा होने तक यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने वक्त की जरूरत बताते हुए मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंककर जनपक्षीय सरकार बनाने का आह्वान किया।

बैठक के दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव परमानंद ठाकुर ने कार्य प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 1 नवंबर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित महारैली में सहरसा से सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे। यह रैली एसएआर को रद्द करने और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बुलाई गई है।

बैठक में 20 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सहरसा जिला सम्मेलन और नवनिर्मित कार्यालय भवन के उद्घाटन की तैयारियों पर भी गहन विमर्श हुआ। इस भव्य कार्यक्रम और नवनिर्मित भवन का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा करेंगे। इस आयोजन को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्य परिषद सदस्य विजय कुमार यादव, उमेश पोद्दार, खड़ानंद ठाकुर, शंकर कुमार, प्रभुलाल दास, उमेश चौधरी, अमर कुमार पप्पू, राजा भगत, सुरेश साह, शत्रुघ्न यादव, रमेश यादव, राजकुमार चौधरी, बिन्देश्वरी साहनी, टुनटुन चौधरी, मोहम्मद जाकिर, चंद्रकांत मुखिया और अजीत सिंह आदि ने अपने विचार रखे और आंदोलन को धार देने का संकल्प लिया।

छठ महापर्व पर नाटक मंचन की तैयारी को लेकर नवयुवक नाट्यकला परिषद ने की बैठक

खगड़िया (आससे)। सदर प्रखंड के रहीमपुर मध्य पंचायत अंतर्गत नन्हकू मंडल टोला स्थित नाट्यकला भवन में गुरुवार को नव युवक नाट्यकला परिषद की आवश्यक बैठक अध्यक्ष रघुवंश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में तथा सचिव आचार्य राकेश पासवान शास्त्री के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी छठ महापर्व के अवसर पर दो दिवसीय नाटक मंचन की तैयारियों सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं स्थानीय विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के उपरांत परिषद के सचिव आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने बताया कि लोकआस्था, आध्यात्मिक पवित्रता और लोकसंस्कृति के महापर्व छठ के अवसर पर परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष नाटक मंचन की परंपरा निभाई जाती है। इसी क्रम में इस वर्ष भी सर्वसम्मति से खरना एवं प्रथम अर्घ्य की रात्रि में नाटक मंचन कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व सूर्योपासना, आत्मशुद्धि एवं लोकमंगल की आराधना के साथ सामाजिक समरसता, सामूहिक सहभागिता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का भी अनुपम अवसर है। नाटक मंचन के माध्यम से सामाजिक चेतना को जागृत करने तथा नई पीढ़ी को लोकसंस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में पूर्व मुखिया मक्खन साह, पूर्व सरपंच देवनन्दन प्रसाद यादव, डॉ. संतोष कुमार संत, डॉ. अमित कुमार एवं वीरप्रकाश यादव ने कलाकारों से नियमित अभ्यास, अनुशासन, समयबद्धता और समर्पण के साथ तैयारी करने की अपेक्षा की। नाटक मंचन का उद्घाटन सांसद एवं विधायक से कराने तथा स्थानीय विकास के विभिन्न मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। अध्यक्ष रघुवंश प्रसाद यादव ने अपने सम्बोधन में आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रम आयोजन पर बल दिया। बैठक में कोषाध्यक्ष वशिष्ठ पोद्दार, सह कोषाध्यक्ष डॉ. रंजन कुमार साह, शिक्षक जीवन शर्मा, राणा यादव, ऋषिदेव यादव, सरोज पासवान, क्षत्री कुमार यादव, ब्रजेश यादव, जॉनसन, गुलशन, प्रशांत, सावन, मानव, भगवंत भास्कर, अमरेश, मनीष यादव, गुलशन ग्रोवर, राजा कुमार, प्रीतम, टुक-टुक, तुफान, विशाल, विभाष एवं राजू सहित दर्जनों सदस्य, कलाकार और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे ।

प्रमंडल स्तरीय सम्मान समारोह में बेलदौर के आठ शिक्षक हुए सम्मानित

बेलदौर, खगड़िया (आससे)। लखीसरायजिलाके महात्मागांधीबीएडकॉलेजअशोकधाममेंआयोजित प्रमंडलस्तरीयसम्मानसमारोहमेंबेलदौरप्रखंडक्षेत्रकेआठशिक्षकोंकोउनकीउत्कृष्टकार्यशैलीऔरनवाचार के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान किए गए। ?मुख्य अतिथियोंद्वारादीपप्रज्वलितकरकार्यक्रमकाशुभारंभकियागया।इससमारोहमेंलखीसरायकेजिलाधिकारी, विधायक, खेलपदाधिकारीसहितकईगणमान्यलोगउपस्थितरहे।इसदौरानराष्ट्रीयगीत, बिहारगीत, झिझिया लोकनृत्य और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित नाटकों की प्रस्तुतियां हुईं।इस सूची में बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के शिक्षक शिक्षिका नीरज कुमार, आशीष कुमार, रजनी कुमारी, रश्मि कुमारी, इंदु शर्मा, रूपम कुमारी, सुमित कुमार और पूजा कुमारी शामिल हैं। इस उपलब्धि से बेलदौर के शिक्षा जगत में उत्साह का माहौल है। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोहर कुमार चौधरी ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुखिया रहे सच्चिदानंद सिंह के निधन पर शोक, पूर्व मंत्री व भाजपा नेताओं ने परिजनों से की मुलाकात

सहरसा (आससे)। जिले की रहुआमणि पंचायत में लगातार 40 वर्षों तक मुखिया एवं कई दशकों तक उपप्रमुख रहे सच्चिदानंद सिंह उर्फ शचि बाबू के 90 वर्ष की आयु में निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन को सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. आलोक रंजन झा, भाजपाजिलाध्यक्षसाजनशर्मा, राजीवरंजनसाह, शिवभूषणसिंहनेशचिबाबूकेआवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने दिवंगत के प्रति श्रद्धांजलिअर्पितकरतेहुएपरिजनोंकोसांत्वनादीतथाअपनीगहरीसंवेदनाएंव्यक्त कीं।

नाम परिवर्तन

मैं, रतन कुमार झा पिता स्व. मनिन्द्र झा निवास बसनही वार्ड नं. 3 पो.-बसनही थाना-बसनही जिला-सहरसा-852115 शपथ पत्र सं.-701 ता. 10.8.2026 द्वारा यह घोषणा करता हूं कि हमारे सारे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम रतन कुमार झा दर्ज है लेकिन मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रत्नेश्वर झा अंकित है, जो गलत है। अब मैं रतन कुमार झा के नाम से जाना एवं पहचाना जाऊंगा।

रसीद सं. 943

नाम परिवर्तन

मैं, रूकमणी देवी पति सत्यानन्द सिंह निवास-रामदिरी (सीताकुण्ड) पो. -नावागढ़ी थाना-मुफसिल जिला-मुंगेर शपथ पत्र सं. 1489 ता. 15.10.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रूकमणी देवी है। घरेलू नाम सिन्धु देवी है। रूकमणी देवी एवं सिन्धु देवी दोनों नाम मेरा ही है। मैं इन दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं। अब मैं सभी कार्यों के लिए रूकमणी देवी के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी।

रसीद सं.-942

MAHARAJA LOTTERY

26.10.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	26
09.00	M-Two	58
09.30	M-Three	00
10.00	M-Four	92
10.30	M-Six	47
11.00	M-Eight	19
11.30	M-Nine	60
12.00	M-Ten	79
12.30	M-Eleven	92
01.00	M-Tweleve	02
01.30	M-Fourteen	70
02.00	M-Fifteen	78
02.30	M-Seventeen	13
03.00	M-Eighteen	57
03.30	M-Nineteen	18
04.00	M-Twenty	22
04.30	M-Twenty-one	04
05.00	Mahajara Twenty	28
05.30	Mahajara Twenty one	99
06.00	Mahajara Twenty	11

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

संगम

Date : 26.10.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	32	02.30 p.m.	50
09.30 a.m.	40	03.00 p.m.	78
10.00 a.m.	81	03.30 p.m.	78
10.30 a.m.	97	04.00 p.m	16
11.00 a.m.	35	04.30 p.m.	32
11.30 a.m.	41	05.00 p.m.	07
12.00 noon	93	05.30 p.m.	79
12.30 a.m.	50	06.00 p.m.	73
01.00 p.m.	44	06.30 p.m.	48
01.30 p.m.	99	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	33	Contact for result :	

011-40451774, 011-40451775

चेतक

09.00 a.m.	80	02.30 p.m.	50
09.30 a.m.	37	03.00 p.m.	65
10.00 a.m.	02	03.30 p.m.	02
10.30 a.m.	80	04.00 p.m.	24
11.00 a.m.	82	04.30 p.m.	22
11.30 a.m.	18	05.00 p.m.	69
12.00 noon	52	05.30 p.m.	93
12.30 a.m.	49	06.00 p.m.	70
01.00 p.m.	66	06.30 p.m.	27
01.30 p.m.	46	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	83	Contact for result :	

011-40451770, 011-40451771, 011-40451772

सुपर

09.00 a.m.	89	02.30 p.m.	43
09.30 a.m.	36	03.00 p.m.	15
10.00 a.m.	71	03.30 p.m.	80
10.30 a.m.	18	04.00 p.m.	02
11.00 a.m.	28	04.30 p.m.	97
11.30 a.m.	01	05.00 p.m.	95
12.00 noon	95	05.30 p.m.	48
12.30 a.m.	69	06.00 p.m.	40
01.00 p.m.	18	06.30 p.m.	93
01.30 p.m.	53	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	99	Contact for result :	

011-40451993, 011-40451994
www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

राजरानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m.	07	MILLENNIUM	2.00 p.m.	62
SUBEHA	9.00 a.m.	39	100	2.30 p.m.	93
KIRAN	9.30 a.m.	40	DIAMOND	3.00 p.m.	40
HINDUSTANI	10.00 a.m.	83	SONA	3.30 p.m.	35
PRABHAT	10.30 a.m.	32	EXPRESS	4.00 p.m.	08
LAJBAB	11.00 a.m.	69	SPECIAL	4.30 p.m.	03
SAMRAT	11.30 a.m.	15	SANDHYA	5.00 p.m.	35
DELUX	12.00 noon	25	CHANDANI	5.30 p.m.	51
AFTERNOON	12.30 a.m.	34	SHAM	6.00 p.m.	44
KING	1.00 p.m.	18	EVENING	6.30 p.m.	73
ROYAL	1.30 p.m.	61	Check result with official website		

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

राजश्री

Date : 26.10.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	19	02.00 p.m.	59
09.30 a.m.	82	02.30 p.m.	90
10.00 a.m.	27	03.00 p.m.	79
10.30 a.m.	33	03.30 p.m.	87
11.00 a.m.	05	04.00 p.m.	11
11.30 a.m.	58	04.30 p.m.	62
12.00 noon	76	05.00 p.m.	34
12.30 p.m.	49	05.30 p.m.	82
01.00 p.m.	20	06.00 p.m.	88
01.30 p.m.	13	06.30 p.m.	95

Contact for result :
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608